जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय के नाम से ही किया जावे न कि किसी अन्य पदाधिकारी के नाम से।
सम्बन्धित विषय पर यदि पूर्व में पत्र व्यवहार हुआ हो तो पत्र क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे जिससे सुविधा हो।

ग्राम : यूनीवर्सिटी
दूरभाष : 0091-(0751) 2442801 (कार्यालय)
2442462 (निवास)
फैक्स : (0091-0751-2341768
E-mail : jureg_gwl@rediffmail.con
Website : http://www.jiwaji.edu/

प्रेषक :
कुलसचिव,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2019/6574 दिनांक : 30-10-2019

अंतिम स्मरण पत्र

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त संबधित अशासकीय महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- **निजी महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक संवर्ग तथा कर्मचारियों का बीमा एवं भविष्य निधि में शासन द्वारा अंश दिये जाने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय पर आपको सूचित किया गया था, कि महाविद्यालयों में कार्यरत शैक्षणिक व अशैक्षणिक वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संबंध में वेतन व भविष्य निधि कटोत्रे की जानकारी प्रपत्र संलग्न भेजते हुए उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था। कार्यालयीन पत्र दिनांक 05.02.2019, 07.03.2019, 21.05.2019, 16.07.2019 एवं 25.07.2019 द्वारा स्मरण भी कराया गया है, परन्तु वांछित जानकारी आज दिनांक अप्राप्त है जिससे शासन को मंशा के अनुरूप कार्यवाही सम्पन्न करने में कठिनाई हो रही है।

अतः आपको इस पत्र के साथ पुनः सूचित किया जाता है कि इस वचन पत्र में दिये गये बिन्दु पर कार्यवाही सम्पादित कर संलग्न प्रपत्र पर भरकर दो कार्य दिवस में अपर संचालक वित्त कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन,सतुपडा भवन, भोपाल एवं अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चंबल संभाग, ग्वालियर, मोतीमहल, ग्वालियर की ओर भेजें साथ ही भेजी गयी जानकारी की एक प्रति अधिष्ठाता महाद्यिालयीन विकास परिषद् जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर भेजें जानकारी को तत्काल भरकर जमा करें। ऐसा न करने कि स्थिति में महाविद्यालय की आगामी सत्र 2020-21 सम्बद्धता के प्रकरण पर विचार नहीं किया जायेगा।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपिः-
1. अपर संचालक वित्त कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन, सतुपडा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चंबल संभाग, ग्वालियर, मोतीमहल, ग्वालियर।

डायरेक्टर
महाविद्यालयीन विकास परिषद

DISK:T/ Tarun Shrivastava/All Letter's/DCDC/J.U.